कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा
*Office of the Executive Engineer , PWD, Almora Uttarakhand*
**E-mail :eepdalmora@rediff.com**

पत्रांक 1644 /7 सी0 दिनांक 6 जुलाई 2024

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग,
नैनीताल।

**विषयः** **जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के अंन्तर्गत पूनागढ–नाटाडोल मोटर मार्ग से सैम मन्दिर से नौली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.547 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (प्रस्ताव सं0 15502/2015)**

**संदर्भः** **भारत सरकार का पत्र सं0 08बी0/यू0सी0पी0/06/54/2021/एफ0सी0/589 दिनॉक 24.08.2021**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के माध्यम से वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में इंगित कमियों का निराकरण बिन्दुवार निम्नवत है।

| क्रम सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | राज्य सरकार से अनुरोध है कि वह लाभान्वित होने वाले समस्त habitation की existing मार्ग से दूरी एवं elevation, slove, इत्यादि का व्यौरा भी प्रस्तुत करें। | मार्ग से लाभान्वित होने वाली आबादी की पूर्व निर्मित मोटर मार्ग से दूरी अलग अलग स्थानों पर 100मी0, 500मी0 व 1000 मी0 है। उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग का elevation 2034 मी0 है। समरेखण का ग्रेडिएन्ट 0.00–0.250 कि0मी0 तक 1:24 के फाल, 0.250–0.475 कि0मी0 तक 1:20 के फाल , 0.475–0.825 कि0मी0 1:24 के फाल, 0.825–1.050 कि0मी0 तक 1:60 के राइज, 1.050–1.250 कि0मी0 तक लेवल, 1.400–1.600 कि0मी0 तक 1:60 के फाल, 1.600–1.700 कि0मी0 तक लेवल, 1. |

| | | |
|---|---|---|
| | | 700–1.750 कि0मी0 तक 1:24 के फाल, 1.750–2.325 कि0मी0 तक लेवल तथा 2.325–3.00 कि0मी0 तक 1:20 के राइज में प्रस्तावित है। |
| 2 | के0एम0एल0 फाईल के अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि मार्ग को सही से नहीं दर्शाया गया है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि सही प्रस्तावित समरेखण को के0एम0एल0 फाईल पर अंकित कर ऑनलाईन पैरा C(ii) पार्ट–। में अपलोड करें। | मार्ग की के0एम0एल0 फाईल सही कर ऑनलाईन पार्ट । के C(ii) में अपलोड कर ली गयी है। |
| 3 | राज्य सरकार से अनुरोध है कि वह फलों, सब्जियों एवं अन्य **cash crops** जो कि उक्त क्षेत्र में उत्पादित होते हैं उनका व्यौरा तथा क्षेत्र के लोगों का **involvement** कुल लाभ इत्यादि को संज्ञान में लेते हुये **facts** के साथ मार्ग का औचित्य प्रस्तुत करें। | इस कार्यालय द्वारा जिला उद्यान कार्यालय से उक्त क्षेत्र में उत्पादित होने वाले उत्पादों के संबंध में अवगत कराने हेतु लिखा गया था। जिला उद्यान अधिकारी अल्मोड़ा द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार उक्त क्षेत्र में सेब, खुमानी, आड़ू, प्लम, आलू, गोबी, मटर, बीन्स, टमाटर, शिमलामिर्च का उत्पादन होता है।<br>उक्त उत्पादन से ग्रामवासियों को सालाना 1 लाख से 1.50 लाख तक की आय होती है। |
| 4 | राज्य सरकार से अनुरोध है कि वह मन्दिर पर **tourist flow** का व्यौरा तथा मंदिर की **existing** मार्ग से दूरी की जानकारी इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। | पूर्व निर्मित मोटर मार्ग से मन्दिर की दूरी लगभग 250 मी0 है। उक्त मंदिर में सालाना 2 से 2.5 हजार लोग दर्शन हेतु पहुचते हैं। |
| 5 | राज्य सरकार से अनुरोध है कि वह स्पष्ट करें कि क्या लाभान्वित होने वाले ग्राम एक ही ग्राम सभा के अन्तर्गत आते हैं? तथा इस क्षेत्र के समीपस्थ बाजार, सरकारी विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की क्या स्थिति है, तथा इनकी स्थिति के0एम0एल0 फाईल पर अंकित करने का कष्ट करें। साथ ही | लाभान्वित होने वाले ग्राम एक ही ग्राम सभा नाटाडोल के अंतर्गत आते हैं। इस क्षेत्र में समीपस्त बाजार शहरफाटक है जिसकी दूरी 9 कि0मी0 सरकारी विद्यालय व |

| | | |
|---|---|---|
| | उक्त सभी की existing road से दूरी की भी जानकारी प्रस्तुत करें। | प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र 6 कि0मी0 दूरी में स्थित है। |
| | प्रस्ताव में 38 वृक्षों का पातन दर्शाया गया है जिसमें से 9 sapling है किन्तु यह सम्भवतः 9 मी0 चौड़ाई पर enumerate किये गये प्रतीत होते हैं। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि वह 7 मीटर चौड़ाई पर वृक्षों की गणना की सूची प्रेषित करें। | 7 मी0 चौड़ाई में वृक्षों की गणना कर ली गयी है। गणना सूची पार्ट । के अतिरिक्त सूचनाओं के बिन्दु सं0 59 पर अपलोड कर ली गयी है। |
| 7 | राज्य सरकार से अनुरोध है कि है कि वर्तमान में cash crop के transportation में आने वाली औसतन लागत, समय इत्यादि का संज्ञान लेते हुये मार्ग निर्माण से होने वाली बचत के सन्दर्भ में analysis कर विस्तृत जानकारी इस कार्यालय में प्रस्तुत करने का कष्ट करें। | वर्तमान में ग्रामवासियों द्वारा उत्पादित फसल सिर बोज या घोड़ो की मदत से मोटर मार्ग तक पहुचाया जाता है जिसमें गॉव से मुख्य मार्ग तक एक गाड़ी माल ले जाने में लगभग 6 हजार रूपया एवं गाड़ी से मुख्य बाजार तक ले जाने में 6 हजार इस प्रकार एक गाड़ी माल मुख्य बाजार तक पहॅचने में वर्तमान में 12 हजार का व्यय होता है। इस मार्ग के बन जाने से ग्रामवासियों को सिरबोज व घोड़ों पर होने वाला व्यय की बचत हो जायेगी। |

**भवदीय,**

6/7/24

**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,अल्मोड़ा**

पत्रांक /7सी0 तददिनॉकित

**प्रतिलिपि**–सहायक अभियन्ता(तृतीय), प्रा0ख0, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,अल्मोड़ा**